प्रीलिम्स फैक्ट्स: 25- 07- 2019

- [ड्रैकैना कैम्बोडियाना]
- [नेशनल डेटा क्वालिटी फोरम]

ड्रैकैना कैम्बोडियाना

Dracaena cambodiana

भारतीय वनस्पति शोधकर्त्ताओं ने असम में एक रक्त स्रावित वृक्ष की प्रजाति **ड्रैकैना कैम्बोडियाना** (Dracaena cambodiana) की खोज की है।

//

- यह **ऐस्परैगेसी (Asparagaceae)** परिवार से संबंधित है।
- इस पौधे से चमकदार लाल रंग का **लेटेक्स** स्रावित होता है जिसका उपयोग प्राचीन काल से दवा, वार्निश और कपड़ों की रंगाई आदि कार्यों में किया जाता है। चीन में एक पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में इसका उपयोग किया जाता है।
- ध्यातव्य है कि पहली बार भारत से किसी **ड्रैगन ट्री प्रजाति** की जानकारी प्राप्त हुई है।
- यह वृक्ष असम के पश्चिमि कार्बी आंगलोंग के डोंगा सर्पो क्षेत्र में पाया गया है।
- इस पौधे को ड्रैगन ट्री प्रजाति के रूप में वर्गीकृत करने में लगभग चार साल का समय लगा।
- भारत में हिमालय क्षेत्र, उत्तर-पूर्व और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में **ऐस्परैगेसी (Asparagaceae)** परिवार से संबंधित ड्रेकेना वंश की लगभग 9 प्रजातियाँ पाई जाती हैं। **ड्रैकैना कैम्बोडियाना** ड्रैगन ट्री की एकमात्र शुद्ध प्रजाति है।

नेशनल डेटा क्वालिटी फोरम

National Data Quality Forum- NDQF

भारतीय आयुर्वज्ञिान अनुसंधान परषिद के **राष्ट्रीय चकित्सिा सांख्यकिी संस्थान** ने जनसंख्या परषिद के साथ मलिकर **नेशनल डेटा क्वालिटी फोरम (National Data Quality Forum-NDQF)** लॉन्च कयिा है।

- NDQF का उद्देश्य समय-समय पर कार्यशालाओं और सम्मेलनों के माध्यम से वैज्ञानकि एवं साक्ष्य-आधारति पहल तथा मार्गदर्शन कार्यों आदि के माध्यम से लोगों को एकत्रति करना है।
- इस प्रक्रयिाओं में संग्रहीत आँकड़े सटीक होंगे जनिका उपयोग स्वास्थ्य एवं जनसांख्यकिीय आँकड़ों में कयिा जा सकता है।
- **भारतीय आयुर्वज्ञिान अनुसंधान परषिद (Indian Council of Medical Research's-ICMR)**
  - जैव चकित्सिा अनुसंधान के नरि्माण, समन्वय एवं संवर्द्धन के लयि भारत का यह शीर्ष नकिाय दुनयिा के सबसे पुराने चकित्सिा अनुसंधान नकिायों में से एक है।
  - यह नई दल्लिी में स्थति है।
  - इसे भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य अनुसंधान वभिाग, स्वास्थ्य एवं परवािर कल्याण मंत्रालय (Department of Health Research, Ministry of Health & Family Welfare) के माध्यम से वत्ति पोषति कयिा जाता है।

- **राष्ट्रीय चकित्सिा सांख्यकिी संस्थान (National Institute for Medical Statistics-NIMS)**
  - यह भारतीय चकित्सिा अनुसंधान परषिद (Indian Council of Medical ResearchICMR) नई दल्लिी का एक स्थाई संस्थान है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1977 में हुई थी।
  - इस संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शोध पद्धति, कार्यक्रम मूल्यांकन, गणतीय मॉडलगि, डेटा वश्लिेषण आदि पर तकनीकी वशिेषज्ञता प्रदान करना है।
  - स्थापना के समय यह इंस्टीट्यूट फॉर रसिर्च इन मेडकिल स्टैटस्टिकि्स (Institute for Research in Medical Statistics- IRMS) के नाम से जाना जाता था।
  - **9 नवंबर, 2005** से इसका नाम **राष्ट्रीय चकित्सिा सांख्यकिी संस्थान (National Institute for Medical Statistics-NIMS)** कर दयिा गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-25-07-2019